सारांशः– भक्ति कालीन काव्यों का हमारे सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन में बहुत महत्व है। समाज को नई दिशा दिखाने एवं पुरातन रूढियों के विरुद्ध चेतना जाग्रत करने में इन काव्यों का विशेष योगदान है। रामचरितमानस, कवितावली, विनय पत्रिका, गीतावली, सूरसागर,बीजक आदि कृतियां धार्मिक आस्था के साथ–साथ मानवीय मूल्यों का विकास करने में सहायक हैं। तुलसी का काव्य सामान्य काव्य न होकर समाज के हर वर्ग के लोक कल्याण एवं समाज सुधार पर आश्रित काव्य है। तुलसी के अनुसार जाति–पाति, वर्ग भेद से परे मानवतावाद पर आधारित काव्य ही उत्तम काव्य की श्रेणी में आता है। तुलसी के अनुसार ''कीर्ति भनिति भूति भलसोई, सुरसरि सम सब कह हित होई'' तुलसी की तरह सूरदास के काव्य में भी नीति, भक्ति एवं श्रृंगार का सुंदर समन्वय मिलता है। सूरसागर, सूर सारावली, साहित्य लहरी आदि कृष्ण भक्ति काव्य में प्रेम की सात्विकता पर विशेष जोर देकर आधुनिक युवाओं को शारीरिक प्रेम की जगह आत्मिक प्रेम को अपनाने की प्रेरणा दी गई है। सूरदास के काव्य में सामाजिक लोक–चित्रण की मनमोहक छवि दिखाई देती है। निर्गुण भक्तकवियों ने भी अपने काव्यो के माध्यम से समाज में पनप रही विसंगतियों पाखण्डों एवं बाह्य आडम्बरों के प्रति लोगों में चेतना जाग्रत की है। निर्गुण संत कवियों द्वारा समाज में आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए शोषक वर्ग के प्रति आक्रोश जताया एवं निम्न वर्ग अथवा वंचित वर्ग के कल्याण के लिए हमेशा आवाज उठाई है। इस समय हमारे समाज में धार्मिक पतन हो रहा था। धार्मिकता पाखण्डों एवं कर्मकांडो में लिप्त होती जा रही थी। कबीर जैसे निर्गुण पंथी कवि ने धार्मिक पाखंड के विरुद्ध अपने काव्य' बीजक' में आवाज उठाई

''माला फेरत जुग भया, गया न मन का फेर,
कर का मनका डारि कै, मन का मनका फेर''

अतः स्पष्ट है कि तत्कालीन समाज को एकता व अखंडता के सूत्र में बांधने में निर्गुण काव्य "बीजक" का विशेष योगदान है। ''बीजक'' समाज के लिए चेतना के द्वार खोल रहा है। कबीर के गुरु रामानंद जी ने सर्वप्रथम जाति प्रथा पर आक्षेप कर कई जातियों के लोगों को अपना शिष्य बनाया। गुरु रामानंद के अनुसारः–

''जाति –पाति पूछे नहीं कोई हरि को भजै सो हरि का होई''

कठिन शब्दः–वात्सल्य, सात्विकता, विसंगतियों,मनुजा, यथार्थ,क्षणभंगुर

प्रस्तावनाः– भारतीय धार्मिक पद्धति में भक्ति का रास्ता उत्तम कोटि का माना जाता है। प्रारंभिक दौर से ही हमारी संस्कृति में मोक्ष प्राप्ति के लिए प्रमुख तीन मार्गों पर विशेष जोर दिया गया है कर्म, ज्ञान एवं भक्तिमार्ग। इन मार्गों में कभी कर्म अपनी मुख्य भूमिका में था तो कभी ज्ञान एवं भक्ति की विशिष्टता थी। उपनिषदों के दौर में ज्ञान एवं ब्राह्मण काल में कर्म अपने चरम पर था। भक्ति हमारी मन की वह आंतरिक अभिव्यक्ति है जो पूर्णतया ईश्वर पूजा पर आश्रित है। आचार्य शुक्ल ने भी ''धर्म की भावात्मक अनुभूति को भक्ति कहा है'' भक्ति का प्रारंभिक विवरण हमारे प्राचीन वेदों में मिलता है। वैदिक कालीन मनुष्य सूर्य, अग्नि, इंद्र आदि को अपना आराध्य देवता मानकर उनकी भक्ति करता हुआ दिखाई देता है। महाभारत युग में भी मोक्ष प्राप्ति के साधन के रूप में भक्ति को विशेष महत्व दिया गया है। छठी शताब्दी के अंतिम दौर से प्रारंभ होकर 10 वीं शताब्दी तक हमारे प्राचीन ऋषि–मुनियों एवं संतों ने हमारे समाज की धार्मिक विसंगतियों को दूर करने के लिए एक विशेष आंदोलन चलाया इसे भक्ति आंदोलन की संज्ञा दी गई। यह भक्ति आंदोलन सात्विक प्रेम पर केंद्रित था। भक्ति आंदोलन चलाने वाले शिव भक्तों को नयनार एवं विष्णु भक्तों को आलवार की संज्ञा से विभूषित किया गया। इन संतों ने समाज में धार्मिक एकता व अखंडता की भावना स्थापित की। जनसामान्य में भी इस आंदोलन के प्रति उत्साह एवं आस्था जाग्रत हुई परिणामस्वरुप भक्ति आंदोलन पूरे भारत को अपनी भक्ति धारा के आगोश में ले लिया। इन्हीं आलवार संतों की भक्ति से प्रभावित होकर रामानुजाचार्य ने विशिष्टादैतवाद का दर्शन हमारे तात्कालीन समाज को दिया। आगे चलकर रामानुजाचार्य के पद चिन्हों पर चलकर रामानंद जी ने भी भक्ति आंदोलन को उत्तर भारत में फैला दिया। भक्ति आंदोलन का प्रभाव हिंदी साहित्य जगत में भी दिखाई देता है ।इस आंदोलन का प्रभाव ही था कि हमें कबीर, तुलसी, सूरदास, मीराबाई, रैदास आदि महान संत कवियों से अवगत करवाया। हिंदी साहित्य के क्षेत्र में दिए गए योगदान के कारण भक्ति काल हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग माना जाता है। भक्तिकाल के कवि अपने काव्यो के माध्यम से समाज को एकता के सूत्र में बांधते हैं। उनके काव्यों का मुख्य स्वर मानवीय संवेदना के साथ लोक कल्याण की कामना करना है। भक्तिकालीन कवि जाति , धर्म ,लिंग भेद के

भाव मिटा कर आपसी प्रेमभाव को विशेष महत्व देते हैं। भक्ति काल में तत्कालीन समाज में वर्ण व्यवस्था में बिखराव शुरू हो गया था। वर्ण व्यवस्था में जातियों पर आधारित वर्ग विभेद की नीति से समाज की एकता खंडित होने के कगार पर थी। मानवीय मूल्यों में आई गिरावट से समाज में अंधविश्वास, पाखंड फैल गया था। ऐसी विकट परिस्थितियों में भक्ति कालीन कवियों ने समाज को जोड़ने एवं आपसी प्रेमभाव को बढ़ाने की बागडोर संभाली। भक्तिकालीन कवियों ने अपने काव्यों के माध्यम से समाज में इस बिखराव को रोकने का प्रयास किया। भक्ति कालीन काव्यों में मध्यकालीन सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। भक्ति कालीन काव्यों का विभाजन सगुण भक्ति काव्य एवं निर्गुण भक्ति काव्य में हो जाता है।

सगुण भक्ति काव्यों में सामाजिक चेतनाः– ईश्वर के साक्षात रूप अवतारों में विश्वास करने वाले भक्त कवियों द्वारा रचा गया काव्य सगुण भक्ति काव्य से विभूषित होता है। सगुण भक्ति धारा के प्रतिनिधि कवि के रूप में लोकनायक तुलसी प्रसिद्ध है। तुलसी की राम के प्रति प्रेम एवं भक्ति उन्हें राम भक्ति शाखा के अग्रणी कवियों में शामिल करती है। जातीय कवि की उपमा से सम्मानित तुलसी ने अपने काव्य ब्रज भाषा एवं अवधी में रचें हैं। तुलसी की लोकप्रियता के संबंध में डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी का कथन है कि '' भारतवर्ष का लोकनायक वही हो सकता है जो समन्वय करने का अपार धैर्य लेकर आया हो। भारतीय जनता में नाना प्रकार की परस्पर विरोधिनी संस्कृतियाँ, साधनाएं, जातियां, आचार विचार और पद्धतियां प्रचलित हैं। तुलसीदास स्वयं नाना स्तरों के समाज में रह चुके थे। उनका सारा काव्य समन्वय की विराट चेष्टा है''[1] तुलसी द्वारा रचित प्रसिद्ध ग्रंथ 'रामचरितमानस' तत्कालीन समाज की सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक स्थिति का निष्पक्ष मूल्यांकन करता है। इस समय समाज में संस्कारों का हनन हो रहा था। बाह्य आडंबर एवं कर्मकाण्डी लोग अपने आप को ज्ञानी मानने का पाखंड कर रहे थे। घमंड से चूर असामाजिक लोग बहन– बेटियों की इज्जत के साथ भी खिलवाड़ करने से नहीं कतराते थे।

''कलिकाल विहाल किए मनुजा नहि मानत कोई अनुजा– तनुजा''[2]

तुलसी की 'रामचरितमानस' एवं उनके पात्र हमारे लिए आज भी प्रासंगिक हैं। राम को आदर्श पुत्र के रूप में ,भरत को आदर्श भाई के रूप में, सीता का सात्विक चरित्र एवं हनुमान की निष्ठा पूर्ण भक्ति हमें समाज को जोड़ने का संदेश देती है। भरत का चरित्र वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हमारे लिए आदर्श है। आज भाई– भाई आपस में एक दूसरे का गला काट रहे हैं। चंद रुपयों के लिए अपने ईमान को बेच डालते हैं। उनके लिए भरत का चरित्र चेतना जागृत करता है। अपने भाई के लिए राजपाट ,ऐशो आराम, धन दौलत को ठुकरा देना एवं सारे अनर्थ की जड़ अपनी माँ की गलत बात को न मान कर अपने भाई के लिए सर्वस्व त्याग कर देना अपने आप में एक भाई का आदर्श स्थापित करता है। दुखी भाव से भरत अपनी माता से कहता है कि

''जो पे कुरूचि रही अति तोही, जनमत काहे ना मारे मोहि।
पेड़ काटि ते पालउ सींचा, मीन जिअन निति बार उलीचा''

इस प्रकार तुलसी के काव्य में लोकमंगल एवं आदर्श समाज की परिकल्पना की गई है। भक्ति कालीन काव्य 'रामचरितमानस' में रीतिकाल की तरह स्त्री को भोग की वस्तु न मानकर करूणा की प्रतिमूर्ति बताया है। सीता के संबंध में तुलसी अपनी भावना प्रकट करते हुए कहते हैं कि ''जनक सुता जग जननी जानकी अतिसय प्रिय करुणानिधान की'' भक्तिकालीन काव्यों में 'कवितावली' भी तत्कालीन समाज की व्यथा एवं पीड़ा का मार्मिक चित्रण करती है । तत्कालीन समाज गरीबी, अकाल, महामारी, बेरोजगारी से जकड़ा हुआ था। भूखमरी से लोग तड़पते हुए मर रहे थे

''कालि बारहि बार दुकाल परै। बिनु अन्न दुःखी सब लोग मरै''[3]

भक्तिकालीन कवियों के संबंध में डॉ.रामविलास शर्मा का कथन है कि "तुलसी दास की वाणी मूलतः कृषक जनता की वाणी है। यह वाणी अप्रत्यक्ष रूप से 'विनय पत्रिका' में अपनी अपार वेदना से हृदय को द्रवित कर देती है''[4] भक्ति कालीन काव्य में केशव दास द्वारा रचित 'रामचंद्रिका' भी राम के आदर्श चरित्र को आधार बनाकर समाज को जागृत करने में सफल रही है। केशव दास ने रामराज्य के प्रति सकारात्मक भावना का परिचय देते हुए मानवीय मूल्यों का विकास किया है। भक्ति कालीन कृष्ण काव्य में भी समाज को सात्विक प्रेम से अवगत कराया गया है। सूरदास जैसे वात्सल्यमयी एवं श्रृंगार प्रिय कवि ने कृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहरी चित्रण किया है। सूर के काव्य में कृष्ण की बाल लीला में बनावटी श्रृंगार न होकर सहजता से परिपूर्ण सात्विकता के दर्शन होते हैं। सूरदास की वात्सल्यता के संबंध में मैनेजर पांडे लिखते हैं कि'' सूर की काव्य अनुभूति में वात्सल्य भाव के जो रूप हैं वे एक विशेष संदर्भ से जुड़े होने पर भी व्यापक जन जीवन में मौजूद वात्सल्य की अनुभूति के समान है इसलिए सूरदास के वात्सल्य चित्रण में साधारणीकरण की असाधारण क्षमता है''[5]

सूरसागर में राधा कृष्ण प्रेम को जिस सात्विकता से सूरदास जी ने प्रस्तुत किया है वह वर्तमान परिपेक्ष्य में एक आदर्श मूल्य की स्थापना करता है। गोपियों की विरह लीला को जिस भाव से प्रस्तुत किया है वह आज की युवा पीढ़ी जो केवल शारीरिक प्रेम को ही महत्व देती हैं उनके लिए प्रेरणास्त्रोत है। सूर के अनुसार प्रेम शरीर से नहीं बल्कि आत्मा से होता है। 'सूरसागर'

कृति संयोग प्रेम के साथ–साथ वियोग प्रेम की मार्मिकता का एहसास दिलाती है। इनका वियोग वर्णन रीतिकालीन दरबारी कवियों की तरह भोगवादी या बनावटी न होकर सात्विकता एवं पवित्रता का माध्यम है।

कृष्ण भक्त कवियों में नंद दास द्वारा रचित काव्य में भी तात्कालीन समाज को दर्शन, भक्ति, नीति का पाठ पढ़ाया गया है। जड़िया कवि के रूप में प्रसिद्ध नंददास ने 'रास पंचाध्यायी', 'सिद्धांत पंचाध्यायी','रुकमणी मंगल', 'दानलीला' आदि कृतियों के माध्यम से मानवीय संवेदना का वास्तविक अंकन किया है।

कृष्ण भक्त कवियों के साथ–साथ कवयित्री मीराबाई भी अपनी सात्विक भक्ति भावना का परिचय देती हुई समाज की नारी के प्रति कुंठित मानसिकता का खुलकर विरोध किया है। कृष्ण के प्रति अटूट भक्ति के कारण मीरा राजपरिवार की ऐशो आराम को त्याग दिया। मीरा का विरह भोगवादी न होकर यथार्थ पर आधारित है। मीरा द्वारा रचित कृतियां आधुनिक समाज को एक नई दिशा प्रदान करती है। मीरा अपने प्रेम की सात्विकता को स्पष्ट करती हुई कहती है कि ''अंसुवन जल सिचि सिचि प्रेम बेलबोई''

कृष्ण भक्त कवियों में रसखान का नाम भी सम्मान पूर्वक लिया जाता है। रसखान के काव्य में कृष्ण लीला का वर्णन सवैयो के रूप में मिलता है । 'सुजान रसखान', 'प्रेम वाटिका' एवं 'दानलीला' आदि कृतियां रसखान की कृष्ण के प्रति भक्ति की सात्विकता को प्रमाणित कर रही हैं। रसखान का काव्य हिंदू मुस्लिम एकता को बढ़ावा देकर प्रेम का संदेश दे रहा है। मुस्लिम कवि होते हुए भी कृष्ण को इतनी गहनता से परखना एवं शृंगार, भक्ति, एवं प्रेम की त्रिवेणी में अपने आप को पूर्णतः बहा देना आधुनिक समाज के लिए एक प्रेरणा है। रसखान का काव्य वर्तमान दौर में हमारे समाज मे सांप्रदायिकता के नाम पर लड़ रहे असामाजिक तत्वों के लिए एक सबक है।

निर्गुण भक्ति काव्य में सामाजिक चेतनाः– ईश्वर के निराकार रूप एवं आत्मा में ही परमात्मा का वास होता है के ध्येय पर चलने वाले कवि निर्गुण भक्ति से संबंधित माने जाते हैं। निर्गुण भक्ति के प्रतिनिधि कवि में सर्वप्रथम कबीर का नाम आता है। जब हमारे समाज में सामाजिकता एवं धार्मिकता का अनवरत ह्रास हो रहा था तो ऐसे विकट समय में कबीर का उद्भव हुआ कबीर ने तत्कालीन जीवन में जो कुछ भोगा उसे अपने दोहो का माध्यम बना दिया। कबीर का ज्ञान पुस्तकीय ज्ञान न होकर जीवन का वास्तविक अनुभव है जिसकी नींव यथार्थ पर टिकी हुई है।

''मसि कागद छुयो नहीं, कलम गही नही हाथ''[6]

से उनके जीवन की सरलता एवं निश्चलता का बोध होता है। कबीर के शिष्य धर्मदास द्वारा रचित एकमात्र ग्रंथ ''बीजक'' तात्कालिक सामाजिक जीवन का खाका प्रस्तुत करता है। इस समय हमारा समाज सांप्रदायिकता की विसंगति में फंसा हुआ था। हिंदू मुस्लिम एक दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास कर रहे थे ऐसी परिस्थिति में कबीर ने समाज को आईना दिखाने का काम अपने दोहों के माध्यम से किया।

'' चलती चक्की देखकर दिया कबीरा रोय।
दो पाटन के बीच में साबुत बचा न कोई''[7]

'बीजक' तत्कालीन समाज में फैली बुराइयों, आडंबरो एवं कर्मकांडो का खुलकर विरोध करता है ।जिस समय हिंदू धर्म बहुदेववाद से जकड़ा हुआ था। उस समय कबीर ने सर्वप्रथम इस धारणा का विरोध कर एकेश्वरवाद को महत्व दिया।

''हमारे राम रहीम करीमा केसो अलह–राम सति सोई।

विसमिल मेटि विसंभर एकै और न दूजा कोई''[8]

निर्गुण भक्ति का प्रमुख काव्य 'बीजक' में कबीर ने हमारी धार्मिक स्थलों मंदिर, मस्जिद आदि का भी खुलकर विरोध किया है। कबीर के अनुसार ईश्वर की प्राप्ति मंदिर मस्जिदों में जाने से नहीं बल्कि आंतरिक ज्ञान से ही संभव है। हिंदू मुस्लिम दोनों ही अपने अपने आराध्य को श्रेष्ठ मानते हुए लड़ रहे हैं जबकि दोनों ने ही इनका वास्तविक मर्म नहीं जाना है।

'हिंदू कहत है राम हमारा, मुसलमान रहिमाना
आपस में दोऊ मरतु है मरम कोई नहीं जाना''[9]

कबीर क्रांतिकारी संत के साथ साथ समाज का उद्धारकर्ता कवि के रूप में प्रसिद्ध है । 'बीजक' के अनुसार भगवान को ढूंढने में कहीं जाने की या बाहरी दिखावे की आवश्यकता नहीं है क्योंकि आत्मा में ही परमात्मा का निवास होता है। यदि मानव अपने हृदय में ही अपने ब्रह्म को सच्चाई से ढूंढने का प्रयास करें तो वह मिल सकता है, इसके लिए मंदिर–मस्जिद घूमना आवश्यक नहीं है।

''मोको कहां ढूंढे रे बंदे मैं तो तेरे पास में
ना मैं देवल ना मैं मस्जिद ना काबे कैलास में''[10]

कबीर समाज में फैली जाति प्रथा, छुआछूत मूर्ति पूजा, बहुदेववाद आदि विसंगतियों का खंडन करते हैं। इनके अनुसार अच्छे कुल या वंश में जन्म लेने से व्यक्ति कतई बड़ा नहीं होता है। व्यक्ति अपने कर्मों से बड़ा होता है। किसी जाति मजहब के आधार पर बड़े छोटे का भेदभाव रखना मानवता की निशानी नहीं है। जो व्यक्ति समाज की भलाई के लिए अच्छे कर्म करता है भले ही वह किसी जाति या मजहब से हो वही व्यक्ति वास्तविक रूप से बड़ा है।

'' ऊंचे कुल का जनमिया करनी ऊँच न हो
सुबरन कलस सुरा भरा साधु नींदत सोए''[11]

'बीजक' कृति हमें माया मोह लोभ लालच रहित वास्तविक जिंदगी का अनुभव कराती है । कबीर के अनुसार व्यक्ति अपने सच्चे कर्मों से ही अपना जीवन सुखमय बना सकता है । यह जीवन स्थाई न होकर क्षणभंगुर है। अतः मनुष्य को जितना भी समय मिला है उसे अच्छे कर्मों में बिताए तो उसके लिए सही होता है।

''झीनी झीनी बीनी चदरिया
काहै के ताना काहे के भरनी
कौन तार से बीनी चदरिया''[12]

निर्गुण भक्ति काव्यों मे 'बीजक' के अलावा 'ज्ञानबोध', 'ज्ञान परोछि', 'भक्ति विवेक' (मलूक दास जी) 'असादीवार', 'सोहिला' (गुरु नानक) 'सुंदर विलास' (सुंदर दास) आदि प्रमुख हैं। जिनमें तत्कालीन समाज की हर प्रकार की बुराइयां ,धार्मिक ,सामाजिक, पाखंडी, कर्मकांडो का निर्भीकता पूर्वक खंडन किया गया है। इन संतो ने अपनी भावना ज्यादातर दोहो एवं गेयपदों के माध्यम से ही प्रकट की है। इनकी भक्ति का मूल आत्मा मे ही परमात्मा में विश्वास, गुरु की वंदना, संसार की क्षणभंगुरता पर ही आधारित है। इन निर्गुण काव्य में एकेश्वरवाद के साथ– साथ सहज भक्ति पर विशेष जोर दिया गया है।

संदर्भः–

1. हिन्दी साहित्य की भूमिका,डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी पृ.स.–101
2. श्रीरामचरितमानस सप्तम सोपान, उत्तरकांड (स.) योगेन्द्र प्रताप सिंह पद संख्या–102, पृ. स.–161
3. वही, पद सख्यां 101,पृ.सं.–129
4. डॉ.रामविलास शर्मा.आचार्य रामचन्द्र और हिन्दी आलोचना,राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली पहला संस्करण,1993,पृ.सं. –93–94
5. मेनेजर पाण्डेय,भक्ति आंदोलन और सूरदास काव्य,वाणी प्रकाशन,नई दिल्ली प्रथम संस्करण,पृ.सं.–181
6. कबीरःहजारी प्रसाद द्विवेदी,राजकमल प्रकाशन,पृ.सं.–18
7. वही,पृ.स.–265
8. वही, पृ.सं.–145
9. वही, पृ.सं.–147
10. वही, पृ.सं.–179
11. कबीर ग्रंथावली,श्यामसुंदर दास,इण्डियन प्रेस लि.,पृ.सं.–207
12. कबीरःहजारी प्रसाद द्विवेदी,पृ.स.–255

आधुनिक कथा साहित्य में सामाजिक चेतना।

शोधार्थीः—प्रभु दयाल शर्मा
शोध निर्देशकः— श्री शक्तिदान चारण
रजि. नं.—25617110
जे.जे.टी. विश्वविद्यालयल,चूड़ैला (झुन्झुनू)

सारांशः— मनुष्य एक सभ्य समाज का आधारस्तम्भ माना जाता है। समाज में रहकर ही वह अपनें विभिन्न क्रियाकलापों को पूर्णता के साथ सम्पन्न करता है। समाज को आगे बढ़ाने में तत्कालिन साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समाज की विसंगतियों,रूढ़ियों पर आक्षेप करना ही हमारे साहित्यकारों का मूल उद्देष्य रहा है। आदिकाल से ही हमारे प्राचीन साहित्यकारों,कवियों ने अपने कथा साहित्य के माध्यम से समाज में फैले बुराइयों व विसंगतियों के विरूद्ध समाज को जाग्रत करने का प्रयास किया है। हिन्दी गद्य में कथा साहित्य एक प्राचीनतन विधा है जिसमें सामाजिक जीवन की वास्तविकता का समग्र अंकन मिलता है। भारतीय समाज में विविधता और व्यापकता का समावेष मिलता है। यह विविधता न केवल सामाजिक,आर्थिक,राजनीतिक,धार्मिक क्षैत्र में फैले हुई है बल्कि भारतीय समाज हर वर्ग का प्रभावित करता है। समाज में आदिकाल से जब—जब परिवर्तन आया है अथवा चेतना जाग्रत हुई है तब से ही समाज में साहित्य की भूमिका सर्वोपरी रही है। कबीर,तुलसीदास,सूरदास,रैदास,मीराबाई आदि महान संतो के दौहे आज भी हमारे समाज को जाग्रत कर रहे है। सामाजिक चेतना जागरूक सभ्य समाज की पहचान होती है। चेतना सदैव परिर्वतन चाहती है। जिस समाज में सामाजिक,राजनीतिक,आर्थिक चेतना जाग्रत हो जाती है वह समाज पुरातनता को छोड़कर नवीनता के विकसित मार्ग में ढ़ल जाता है। समय—समय पर हमारे आधुनिक साहित्यकारों ने अपनी लेखनी के माध्यम से परिवार,व्यक्ति प्रतिष्ठा,नर—नारी सबंध,नारी षिक्षा,दलित उत्थान,लोकमंगल आदि की विवेचना की है।डॉ. डी.पी. बरनवाल के अनुसार ''[1]साहित्यकार युग दृष्टा और सृष्टा होता है। वह समाज की समस्याओं को देखता सुनता व समझता है, उसी तरह साहित्य की सृष्टि करता है। वह समाज की नब्ज को पकड़कर उसके दुख दर्द को समझ कर उसी प्रकार की साहित्यौषधि प्रदान करता है, जिससे समाज स्वस्थ व सुखी हो। जब समाज में अन्याय और अत्याचार के बादल छा जाते हैं तो साहित्यकार क्रांति की बिगुल बजाता है और जब अशांति का साम्राज्य होता है तो वह अपनी रचनाओं द्वारा शांति का पाठ कराता है। वह समाज की महत्वपूर्ण इकाई होने के नाते समाज की समस्याओं एवं गतिविधियों को समझते हुए उनका समाधान करने की चेष्टा करता है"[1]

प्रस्तावनाः—आधुनिक कथाकारो में उपेंद्रनाथ अश्क ने अपनी कृतियों के माध्यम से समाज में व्याप्त रूढ़िवाद बाह्यआडंम्बर, अंधविश्वास पर कुठाराघात करते हुए समाज को एक नई दिशा प्रदान करने का साहसिक प्रयास किया है। "गिरती दीवारों" के संबंध में बच्चन सिंह का कथन है कि "यह उपन्यास निम्न मध्यम वर्ग के उन अनेक परिवेषों का चित्रण है जिसकी रूढ़ियों वैषम्य और शोषण के कारण इस वर्ग को अपने आदर्शों, आशा और आकांक्षाओं तथा सुनहले सपनों को दफना देना पड़ता है"

अमरकांत भी अपनी कहानियों में निम्न वर्ग की पीड़ा को उठाने का प्रयास किया है। "दोपहर का भोजन" शीर्षक कहानी में भी एक ऐसे निम्न वर्गीय परिवार का संघर्ष प्रस्तुत किया है जो दो वक्त की रोटी के लिए भी समाज के उच्च वर्ग से शोषित हो रहा है। "डिप्टी कलेक्टर" आधुनिक समय की एक ऐसी कहानी का प्रतिनिधित्व कर रही है जिसमें स्वतंत्रता के बाद एक सामान्य परिवार की इच्छा पारस्परिक विरोध के मध्य द्वंद्व का चित्रण हुआ है। कहानी का पात्र राकलदीप बाबू अपने पुत्र को उच्च पद दिलवाने के लिए आध्यात्मिकता का सहारा लेता है।

एक साहित्यकार के लिए सबसे बड़ी समस्या तब आती है जब वह अपनी लेखनी के माध्यम से एक ज्वलंत सामाजिक मुद्दा उठाने के लिए प्रयास करता है, क्योंकि इस प्रकार के कार्य से उन्हें समाज के कई गुटों के प्रतिरोध का सामना भी करना पड़ता है। लेकिन रविंद्र कालिया ने ऐसे प्रतिरोधों को ठुकरा कर समाज के वास्तविक सत्य को अपनी कहानियों के माध्यम से प्रस्तुत किया है। "मैं" शीर्षक कहानी में दाम्पत्य जीवन में सात्विक प्रेम की महत्ता को दर्शाया है और स्त्री चेतना को जागृत करने का शानदार प्रयास किया है। कालिया ने नारी के प्रति पुरातनपन्थी सोच रखने वाले समाज के ठेकेदारों पर आक्षेप करते हुए कहा है कि अब नारी अबला का पर्याय नहीं है बल्कि अपने समाज के लिए कर्मठता के साथ कार्य करने वाली वीरांगना है। उन्होंने समाज के उपेक्षित वर्ग की संवेदना को अपनी लेखनी से वाणी प्रदान की है । रविन्द्र कालिया ने समाज के मानवीय जीवन की स्वार्थपरकता, आत्म केंद्रितता और खोखले जीवन का मार्मिक वर्णन किया है। "दफ्तर" कहानी के पात्र वास्तविक जीवन से जुड़े हुए हैं जो कि अपने परिवार का पालन पोषण कठिन परिस्थितियों में करते हैं। कालिया जी द्वारा रचित कहानी "सबसे छोटी तस्वीर" में मध्यम वर्गीय आधुनिक छद्म प्रेम व बाहरी दिखावे की संस्कृति पर आक्षेप किया गया है। कहानी में दो युवा पात्रों के माध्यम से मांसल प्रेम को आत्मिक प्रेम से जोड़ने का सशक्त प्रयास किया गया है। "नया कुरता" कहानी का प्रमुख पात्र साहिल गरीबी और बेकारी से संघर्ष करता दिखाया गया है। कहानी विपरीत परिस्थितियों में मानव समाज की संवेदन शून्यता को उजागर कर रही है। समाज की वास्तविकता का अंकन करते हुए लेखक कालिया ने समाज की अमानवीयता व हृदयहीनता को उजागर किया है।

भारतीय समाज के उत्थान में मध्यम वर्ग की अहम भूमिका है। नाना प्रकार के आंदोलनों के माध्यम से समाज के लिए यह वर्ग सदैव संघर्षरत रहा है। स्वतंत्र्योतर युग के बाद सामाजिक व्यवस्था में मध्यम वर्ग आधुनिक कथाकारो का प्रिय विषय रहा है। इन कथाकारो को मध्यम वर्ग से विशेष सहानुभूति है क्योंकि यह वर्ग उच्च वर्ग और निम्न वर्ग के मध्य का वर्ग है जो सदैव समाज के हाशिए पर ही रहा है। रवींद्र कालिया ने इस तथाकथित विषय पर अपनी लेखनी चलाई "सिर्फ एक दिन" शीर्षक कहानी भी एक ऐसे मध्यम वर्ग के युवा की कहानी है जो बेरोजगारी व बेकारी से दुखी व कुंठित है। वह नवयुवक अपनी बेकारी का सारा दोष तात्कालिक सामाजिक व्यवस्था को मानता है। रवींद्र कालिया ने ऐसे सामाजिक मध्यम वर्ग की संवेदना को उकेरने का प्रयास किया है। डॉ. कृष्ण मोहन का कथन है कि [2]"इस दौर की कहानियों में रवींद्र कालिया ने पिछड़ी हुई संवेदना से पीछा छुड़ाने में कामयाबी पाई है"[2]।

हमारे समाज की तात्कालिक समस्या में वेश्यावृत्ति भी प्रमुख है। इस विषय पर भी आधुनिक कथाकारो का ध्यान गया है। स्त्री को करुणा की प्रतिमूर्ति कहा जाता है,स्त्री सदैव से ही अपनी ममता, सेवा, त्याग की भावना से अपने परिवार, समाज को आगे बढ़ाती रही है। हमारे समाज में कुछ स्त्रियां आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण एक नारकीय जीवन जीने के लिए बाध्य हो रही हैं। ऐसी स्त्रियां मजबूरी में अपने अस्तित्व की रक्षा नहीं कर पाती हैं अर्थात वेश्यावृत्ति में लिप्त हो जाती हैं। आधुनिक कथाकारो ने अपनी कृतियों के माध्यम से नारी चेतना जागृत करते हुए ऐसी स्त्रियों को स्वावलंबी बनाने व उनके अस्तित्व को बचाने का आह्वान किया है। आधुनिक कथाकारों ने समाज की तात्कालिक परिस्थितियों को समझते हुए समाज के प्रत्येक प्राणी में चेतना जागृत करने का प्रयास किया है क्योंकि मानवीय चेतना ही सामाजिक बदलाव का आधार है। जब मानव अपने अधिकारों के प्रति सजग हो जाएगा तो वह समाज की मुख्यधारा से जुड़ जाएगा। डॉ. रत्नाकर पांडे का कथन है कि [3]"सामाजिक चेतना भावात्मक या नकारात्मक नहीं होती, व्यक्तिमात्र में चैतन्य मूर्त है परंतु रूढि, अशिक्षा और अभावो के कारण यह दुष्प्रभावित या कुंठित हो जाती है। इस दुष्प्रभाव से मुक्त रहना और कुंठा को अपनी अन्तवृति से तिरोहित बनाए रखना ही सामाजिक चेतना है"[3]

धर्मवीर भारती की कहानियां भी मध्यमवर्गीय चेतना को उजागर कर रही है "मुर्दों का गांव" शीर्षक कहानी में एक जुलाहे की व्यथा पीड़ा व गरीबी का मार्मिक अंकन किया गया है। एक जुलाहे द्वारा समाज के परिवेश वातावरण व परिस्थितियों से संघर्ष करके समाज के सामने एक व्यक्ति चेतना का आदर्श प्रस्तुत किया गया है। आधुनिक कथा साहित्यकारों में ममता कालिया भी अपना अग्रणी स्थान रखती हैं। उनका भाषा ज्ञान अत्यंत उच्च कोटि का है साधारण शब्दों में भी अपने प्रयोग से जादुई प्रभाव उत्पन्न कर देती है। ममता कालिया द्वारा रचित "दूसरा देवदास" शीर्षक कहानी हर की पौड़ी हरिद्वार के परिवेश को केंद्र में रखकर युवा मन की संवेदना, भावना और विचारगत की उथल–पुथल को आकर्षक भाषा शैली में प्रस्तुत करती है। यह कहानी युवा ह्रदय में पहली आकस्मिक मुलाकात की हलचल कल्पना और रूमानियत का उदाहरण है। संभव और पारो का प्रथम आकर्षण और परिस्थितियों का गुम्फन ही उनके प्रेम को मजबूती प्रदान करता है। समकालीन कहानी लेखन के क्षेत्र में संजीव का प्रमुख नाम है। उनकी कहानियां अधिकतर हंस पत्रिका में प्रकाशित हुई है। "आरोहण" कहानी पहाड़ी क्षेत्रों के मेहनतकश लोगों की जिंदगी को रेखांकित करती है। पहाड़ी लोगों की सरलता निश्चलता को बड़े ही मार्मिक शब्दों में चित्रित किया है।

साहित्य एक भावात्मक अनुभूति का नाम है। यह भावात्मक अनुभूति तात्कालिक समाज की वास्तविकता का अंकन करती है। साहित्यकार समाज के जिस परिवेश में रहता है उस परिवेश अथवा परिस्थितियो को अपनी लेखनी का माध्यम बना लेता है। डॉ. नगेंद्र के अनुसार [4]"साहित्यकार एक विशेष परिवेश में रहकर उसी से अनुभव ग्रहण करता हुआ साहित्य की रचना करता है। अतः अनिवार्यतः उसकी रचनाओं में अपने चारों ओर के वातावरण का प्रत्यंकन हो जाता है।"[4] आधुनिक कथाकारो ने अपने रचना लेखन में समाज को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। उन्होंने समाज की वास्तविक स्थिति का अंकन करने व समाज में रहने वाले मानव की बदतर स्थिति को सुधारने, समाज में व्याप्त रुढिगत प्रवृत्ति, ईष्या, द्वेष की भावना को जड़ से मिटाने का सार्थक प्रयास अपनी लेखनी से किया है। आधुनिक कथा साहित्य में प्रायः सभी वर्गों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। साहित्य कभी किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव की नीति नहीं अपनाता है। आधुनिक साहित्यकारों ने भी निष्पक्षता पूर्वक समाज के उच्च वर्गों की दमनकारी नीतियों का भी खुलकर विरोध किया है। एक तरफ आदिकालीन कथाकारो ने अपनी खुशामदी का परिचय देते हुए प्रायः उच्च वर्गों अथवा अपने आश्रयदाताओं के विरुद्ध लेखन कार्य से सदैव बचते रहे हैं, परंतु आधुनिक कथा साहित्य में इन पूंजीपतियों अथवा उच्च वर्गों के शोषण, दमन, उत्पीड़न व अत्याचारों का वास्तविक चित्रण संवेदना के साथ किया है। आधुनिक कथा साहित्य कोरी कल्पना पर आश्रित न होकर समाज को चेतनता के द्वार पर लाने का एक सशक्त माध्यम है।

"गर्म राख" काव्य कृति के माध्यम से उपेंद्र नाथ 'अश्क' जी लाहौर के एक ऐसे मध्यम वर्गीय परिवार का मार्मिक अंकन करते हैं जो समाज के आपसी संबंधों और पुरातन रीतियों में उलझ कर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। "बड़ी बड़ी आंखें'' उपेंद्र नाथ अश्क जी द्वारा रचित एक ऐसा उपन्यास है जो पूर्णतः मध्यम वर्गीय समाज पर आधारित है तात्कालिक समाज में किसानों, गरीबों की लाचारी भयावह है। जमीदार वर्ग किसानों, गरीबों का खून चूसते हैं, इन अभिजात्य वर्ग के विरुद्ध लोगों

को जागृत करने का आह्वान अशक जी ने अपने कथा साहित्य में किया है। एक समाज में रामराज्य तभी आ सकता है जब समाज मे हर वर्ग हर प्रकार से खुशहाल होगा।

आधुनिक कथा साहित्य के क्षेत्र में ग्रामीण समाज में चेतना जागृत करने का सफल प्रयास फणीश्वर नाथ रेणु ने भी किया है। रेणु जी समाज के शोषित वर्ग के प्रति अपनी विशेष सहानुभूति रखते हैं। "मैला आंचल" उपन्यास में ग्रामीण परिवेश के लोक जीवन की यथार्थता की सुंदर विवेचना की गई है। मेरीगंज गांव के शोषित किसानों की लाचारी व बदहवासी का संवेदना युक्त अंकन करने के साथ–साथ पूंजीपति व जमीदार वर्गों की आर्थिक शोषण की नीति पर आक्षेप किया है। अतः रेणु की कहानियो और उपन्यासो में आंचलिकता के साथ सामाजिक चेतना भी दृष्टिगोचर होती है। भगवती चरण वर्मा भी समाज की समस्या उठाने वाले रचनाकार माने जाते हैं। प्रेमचंद के सामाजिक बदलाव की विचारधारा के पद चिन्हों पर चलने का सार्थक प्रयास वर्मा जी ने किया है। व्यक्ति स्वतंत्र के आदर्श की स्थापना भगवती चरण वर्मा के उपन्यासों का मूल उद्देश्य है।

साठोतरी युग और सामाजिक चेतनाः–हिंदी कथा साहित्य में 1960 के बाद का युग में सामाजिक चेतना के लिए उत्कर्ष का युग था। नई पीढ़ी के कथाकार नई सोच व नए विषयों के साथ साहित्य सृजन करने में रूचि दिखाई। साहित्यकारों का बौद्धिक चिंतन समाज के यथार्थ के साथ जुड़ा था। इन साहित्यकारों ने भाग्यवादी संकीर्ण विचारधारा पर आक्षेप कर स्वावलंबन और कर्मठता को अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। डॉ. विजय द्विवेदी के अनुसार [5]''साठोत्तरी कहानी मनुष्य के भीतर दबे हुए सूक्ष्म से सूक्ष्म धरातलों को संघर्ष के स्वर पर अभिव्यक्ति देती है। नियति और भाग्यवादी स्थिति अब नहीं रही, स्थिति से समझौता नहीं जूझने की प्रक्रिया जारी है, साथ ही संबंधों का विघटन भी तेजी से होता जा रहा है। राजनेताओं के सारे आश्वासन खोखले और झूठे साबित हो रहे हैं जिस पुलिस पर रक्षा का भार है वही भक्षक बन रही है, इन सारी विसंगतियों का चित्रण साठोत्तरी कहानी में हुआ है।''[5] इस प्रकार साठोत्तरी युग में समाज के उज्ज्वल पक्ष के नए दृष्टिकोण को आरेखित करने का प्रयास किया गया है। आधुनिक युग के कथाकार समाज के अत्याचारों के विरुद्ध चुप बैठना कायरता मानते हैं। उनका मानना है कि हमें अपने हक के लिए न्याय पूर्वक संघर्षरत रहना चाहिए। कहानीकार कमलेश्वर का कथन है कि "आज का कहानीकार देख रहा है कि राजनीति ने सामान्य आदमी को मात्र एक मोहरा बना दिया है ऐसी स्थिति में सामान्य की यातनाएं अधिक समृद्ध और मारक हुई है। आज का लेखन मनुष्य की यादों का मूक और तटस्थ साक्षी नहीं अपितु उसका सहभोक्ता और सहयात्री भी है।"

निष्कर्षः–उपर्युक्त विवेचन के आधार पर हम यह कह सकते है कि आधुनिक कथाकारों ने समसामयिक परिस्थितियों का अंकन करते हुये समाज का यर्थाथ का वास्तविक चित्रण किया है। मानव जीवन की विभिन्न समस्याओं व विसंगतियों को भावुकता के साथ प्रस्तुत किया है। चेतना जाग्रती का ही प्रतिक है। इतिहास गवाह जब–जब समाज में चेतना जाग्रत हुई तब–तब अभिजात्य वर्ग के सिंहासन डोल गये, और समाज में एक नया बदलाव का दौर शुरू हुआ। व्यक्तियों का वह समूह जो व्यापकता लिए हुए हो और आपसी संबंधों पर आश्रित हो समाज कहलाता है। व्यक्ति व समाज एक दूसरे के पूरक हैं। बिना व्यक्ति के समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। व्यक्ति सच्चे अर्थों में सामाजिक है जो एक निश्चित सीमा में समाज में रहकर समान रूप से अपने मानवीय मूल्यों का आदान–प्रदान करता है। आधुनिक कथा साहित्य में जीवन की यथार्थता का बोध होता है। इस विधा में समकालीन भारतीय ग्रामीण समाज की विभिन्न समस्याओं का सूक्ष्म अध्ययन किया गया है । जब–जब समाज अपने मूल उद्देश्य से भटकाव की तरफ अग्रसर होता है तब–तब हमारे कथा साहित्यकारों ने समाज को एक नई दिशा दिखाई है मानव समाज को पतन के गर्त से निकालकर उत्थान के रास्ते के लिए प्रेरित करना ही कथा साहित्यकारों का मुख्य कर्म है।

सन्दर्भः–

1. छायावादी काव्य में चेतना–डॉ. डी.पी. बरनवाल (पृ.सं.–52)
2. रविन्द्र कालिया की कहानियां– कृष्ण मोहन, (आवरण पृष्ठ)
3. हिन्दी साहित्यः सामाजिक चेतना –डॉ. रत्नाकर पांडे (पृ.सं.–160)
4. साहित्य का समाज शास्त्र–डॉ. नगेन्द्र (पृ.सं.–02)
5. साठ के बाद की कहानीःसमय बोध के निष्कर्ष पर–डॉ. नामेष्वर सिंह

हिन्दी साहित्य और गाँधी दर्शन का प्रभाव एवं वर्तमान में प्रासंगिकता

संगीता रोहिला
शोधार्थी–हिन्दी विभाग
श्री जे.जे.टी. विश्वविद्यालय, चूड़ेला (झुंझुनूं)

सारः–आचार्य शुक्ल के अनुसार साहित्य समाज का दर्पण है, समाज में जिस विचारधारा, व्यक्ति या घटना की प्रधानता होती है साहित्य में उसका प्रतिबिम्ब साफ–साफ दिखाई पड़ता है। या फिर यह कहा जा सकता है कि किसी भी विचारधारा एवं व्यक्तित्व का साहित्य पर प्रभाव प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अवश्य पड़ता है। इसी संदर्भ में अगर हम गाँधीजी के विचारों की बात करें तो महात्मा गाँधी एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक युग के रूप में जाने जाते है। उनका व्यक्तित्व इतना महान था कि उनके जीवन का प्रभाव भारतीय जीवन दृष्टि, विचारधारा, संवेदना, समाज और व्यक्ति पर पड़ा। गाँधीजी के जीवन से भारतीय जन–जीवन और साहित्य प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका। गाँधीवादी विचारों का प्रभाव लगभग सभी साहित्यकारों पर देखने को मिलता है। हिन्दी कथा साहित्य पर अगर हम गाँधी दर्शन का प्रभाव देखते हैं तो उपन्यास सम्राट प्रेमचन्द के उपन्यासों को देख सकते हैं। उनके उपन्यास प्रेमाश्रम, गोदान, रंगभूमि, कर्मभूमि आदि उपन्यासों पर गाँधीवादी प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

मुख्य शब्द– हिन्दी साहित्य; गाँधी दर्शन; नैतिकता

परिचयः–प्रेमचन्द आदर्शात्मक यथार्थवादी थे और समाज में एक व्यापक व्यवस्था के पक्षधर थे। उनके उपन्यासों में पात्रों के माध्यम से गाँधीवादी विचारों को देखा जा सकता है। जिस प्रकार गाँधी जी ने अपने आंदोलनों की शुरूआत में किसानों की समस्या का समाधान खोजने का प्रयास किया तथा उनको समस्या से छुटकारा दिलाया जो चंपारण किसान आंदोलन के नाम से जाना जाता है उसी से प्रभावित होकर प्रेमचन्द ने प्रेमाश्रम नामक उपन्यास की रचना की। इसी से जुड़ा हुआ प्रेमचन्द का एक अन्य रंगभूमि है, जिसमें सूरदास को उन्होंने गाँधी वादी पात्र के रूप में प्रस्तुत किया है जो त्याग का प्रतीक है। जो पूंजीपति को अपनी जमीन नहीं देता हैं तथा सच्चाई की लड़ाई लड़ता है। गाँधी जी नारी स्वावलम्बन और नारी मुक्ति के पक्षधर थे जो साहित्य में भी देखने को मिलता है। प्रेमचन्द ने भी अपने कथा साहित्य में नारी मुक्ति और नारी स्वावलम्बन से संबंधित विचार व्यक्त किये हैं। उन्होंने अपनी रचना निर्मला, प्रतिज्ञा, सेवासदन आदि रचनाओं के माध्यम से नारी समस्या को पाठकों तक पहुँचाने का प्रयास किया है।

गाँधी दर्शन– गाँधीजी की धर्म और दर्शन के प्रति गहरी आस्था थी और वे देश के उत्थान के लिये आध्यात्मिकता और नैतिकता को आवश्यक समझते थे। धर्म के बारे में गाँधीजी का मानना है कि प्रत्येक धर्म का मूल मन्तव्य सभी की भलाई एवं समाज को आदर्श बनाना होता है। गाँधीजी के इन्हीं विचारों को अज्ञेय की कहानी **'शरणदाता'** में देख सकते है। इसमें रफीकुद्दीन अपने मित्र देविन्दरलाल को उस समय शरण देते हैं जब दंगे भड़के हुए थे और मुसलमान हिन्दुओं को मारने पर उतारू थे। उस समय रफीकुद्दीन ने अपने मित्र की रक्षा करना परम् कर्त्तव्य माना। प्रेमचन्द के साथ ही जयशंकर प्रसाद की रचनाओं में भी गाँधीवाद गाँधी दर्शन का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। प्रसाद की रचनाओं में देश प्रेम और राष्ट्र गौरव की भावना की झलक देखने को मिलती है। प्रसाद की ध्रुवस्वामिनी में जहां नारी मुक्ति और नारी समस्या को इंगित किया गया है वहीं स्कन्दगुप्त, चन्द्रगुप्त रचनाओं में भारतीय गौरवशाली परम्परा को व्यक्त किया है। प्रसाद गाँधी जी के स्वदेश प्रेम के विचार से प्रभावित होकर चन्द्रगुप्त नाटक में कार्नेलिया के माध्यम से भारत देश की संस्कृति, गौरवशाली परम्परा और प्रकृति सौन्दर्य का वर्णन करते हैं। जयशंकर प्रसाद और प्रेमचन्द की तरह ही जैनेन्द्र पर भी गाँधीजी के विचारों का प्रभाव पड़ा। जैनेन्द्र एक मनोवैज्ञानिक रचनाकार है तथा उनकी रचना परख, सुनीता, सुखदा, त्यागपत्र आदि में मनोवैज्ञानिक समस्याओं का समाधान गाँधावादी दृष्टिकोण से खोजने का प्रयास किया हैं।

अमृतलाल नागर की **'एटम बम** कहानी भी गाँधीवादी विचारों पर आधारित है जिसमें परमाणु युद्ध की विभीषिका से दुखी कोबायाशी ने कहा कि ''हमारा क्या कसूर था जो हमें यह सजा मिली। ''गाँधीजी शांति के पक्षधर थे तथा युद्ध व हिंसा को देश के लिये अहितकर मानते हैं उसी प्रकार के विचार अमृतलाल नागर की इस कहानी में व्यक्त हुए है। हिन्दी की कहानी **'हार की जीत'** के रचनाकार सुदर्शन भी गाँधी दर्शन से प्रभावित है। **'हार की जीत'** में डाकू खड़गसिंह का व्यवहार परिवर्तन दिखाया है जिसके कारण वह बाबा भारती को घोड़ा वापस लौटा देता है। जो गाँधी के विचारों का ही प्रभाव था।

इसी प्रकार कथा साहित्य में जहां प्रेमचन्द सुदर्शन फणीश्वरनाथ रेणु, जैनेन्द्र, अज्ञेय विष्णु प्रभाकर, अमृतलाल नागर आदि की रचनाओं में गाँधी वादी विचार, उनके आदर्शों को देखते है वहीं कविता भी गाँधी के प्रभाव से मुक्त नहीं रह सकी। मैथिलीशरण गुप्त ने अपनी रचना भारत–भारती में गाँधी जी के आदर्शों को प्रस्तुत किया। वही राष्ट्र कवि माखनलाल चतुर्वेदी ने अपनी कविता **निःशस्त्र सेनानी** मे महात्मा गाँधी के व्यक्तित्व का वर्णन किया है इसमें गाँधी जी के सविनय अवज्ञा आंदोलन तथा अहिंसा के भावों की अभिव्यक्ति हुई है। सुभद्राकुमारी चौहान की कविताओं में भी गाँधीजी के दर्शन का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। साम्प्रदायिक सौहार्द व सद्भाव की झाँकी उनकी कविताओं में गाँधी दर्शन का ही प्रभाव है। उनकी कविता **'प्रभु तुम मेरे मन की जानो'** में गांधी वादी विचारधारा का प्रभाव है जहां एक अछूत ईश्वर से प्रार्थना करती है–

तुम सबके भगवान, कहो मंदिर में भेदभाव कैसा,
हे मेरे पाषाण पसीजो, बोलो क्यों होता ऐसा।

इस कविता के माध्यम से सुभद्राकुमारी चौहान ने समाज में व्याप्त छुआछूत की भावना का विरोध किया है जो गाँधी वादी विचारधारा पर आधारित है तथा जिसका वर्णन गाँधी जी ने स्वयं अपनी आत्म कथा **'सत्य के साथ मेरे प्रयोग'** में किया है। इसके साथ ही बालकृष्ण शर्मा, भवानी प्रसाद मिश्र, सोहन लाल द्विवेदी के काव्य में गाँधी दर्शन का प्रभाव स्पष्ट रूप से झलकता है।

भारतीय दर्शन के अनुसार अहिंसा के कई रूप है जिसमें क्षमा भी एक रूप है। साहित्य में भी गाँधी जी के इस विचार का प्रयोग देखने को मिलता है। दिनकर जी ने **'कुरूक्षेत्र'** में लिखा है–

क्षमा शोभती उस भुजंग को, जिसके पास गरल हो।

निष्कर्ष – इस प्रकार हम देख सकते हैं कि हिन्दी साहित्य में गाँधी वादी विचार का प्रभाव हर जगह है। साहित्य समाज में परिवर्तन ला सकता है। इसलिए साहित्यकारों ने माना है कि देश का भविष्य आज के युवाओं के हाथ में हैं। उन्होंने युवाओं को ही देश का उद्धारक माना तथा युवाओं को स्वावलम्बी बनाने तथा उनका रचनात्मक सहयोग पाने का प्रयास किया।

अतः हम कह सकते हैं कि आज भी गाँधी दर्शन उतना ही महत्व रखता है जितना उस समय में था। आज मनुष्य–मनुष्य में विश्वास नहीं रहा सामाजिक मूल्य भी निरन्तर कमजोर होते जा रहें हैं तथा राजनीति में भी भ्रष्टाचार, बेईमानी और सत्ता का मोह इतना अधिक हो गया है कि आज गाँधी जी का सत्य अहिंसा त्याग का दर्शन प्रासंगिक सा लगता है। आज का मनुष्य एक–दूसरे को शक की नजर से देखता है क्योंकि उसकी आत्मा और उसके व्यवहार में दोगलापन नजर आ रहा है। मनुष्य छल कपट की मानसिकता के साथ विकृत जीवन जी रहा है। अतः आज की स्थिति को देखकर हम कह सकते है कि हमे अगर आज रामराज्य की स्थापना करनी है या एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना है तो गाँधी दर्शन ही एक सही विकल्प है। अतः गाँधी दर्शन आज के समाज की जरूरत बन गया है।

संदर्भ गंथ –

1. प्रेमाश्रम,
2. गोदान,
3. कर्मभूमि,
4. शरणदाता,
5. अज्ञेय,
6. स्कन्दगुप्त।

गांधी जी के आत्मकथा के अंश –

अन्नाहार के प्रति श्रद्धावान, शांतिनिकेतन, खादी के जनक, बलवान के साथ भिड़न्त।

Effects of COVID-19 on Female Education with special reference to Degree College Students in Mumbai Maharashtra

Details of 1st Author:

BRISTI GOURGOPAL BISWAS (RESEARCH SCHOLAR OF JJTU)
Registration no: 221219027 (Economics)
Contact no: 7219489555
Email id: bristibiswas50@gmail.com
Details of 2nd Author:
Dr. SHIV KUMAR (RESEARCH GUIDE (JJTU)
Registration no: JJT/2K9/CMG/970
Designation: Assistant professor
Contact no: 9461506746
Email id: shivkumar1121@gmail.com

ABSTRACT: - COVID-19 pandemic had hit India at the end of January 2020. It resulted in the immediate shutdown of the educational sector where schools, colleges, and universities came into immediate action and restricted their functioning on an immediate basis in order to control the spreading of the disease, resulting in the postponement of examinations or cancellation of the examinations. The students were promoted on the basis of their earlier grades. the impact of COVID-19 was seen throughout the country and the educational sector faced similar challenges, in order to provide proper educational guidance to the students without compromising with the framed syllabus the educational sector started implementing and introducing new ways of technologies where the students did not need to come out of the house and come in contact with the outside world but they can continue their education without any disturbance with the help of online teaching. It is usually seen that if any unfortunate circumstances in an economy take place it is the poor income class people who are most affected. India, being one of the developing countries, faces a similar issue where the low-income group is affected most and during the pandemic, it makes the condition more miserable for them. the pandemic has resulted in a situation where families who are financially weaker restrict their girl child do get a proper education or in order to avoid the expenses of the girl child they are forced to early marriages, or a choice between educating the male child and female child had to be made by the families where the preference would be given to the male child for providing education since it is considered that in India. The girl child would get married and would serve to the other family and the boy is considered to be the one who would take care of the parents in their old age hence the preference for providing education would be given to the boy over the girl child this represents the gender discrimination which is still observed in several parts of the country. The paper highlights the impact of COVID-19 on female education amongst the degree college female students and the challenges faced due to the closedown of the institutions, hence the paper analyses the scenario of female students and overviews the experience of online education provided during the pandemic. It will focus on the current situation of the female students due to the effect of COVID-19.

Keyword:- COVID-19, Female, Education, Online education.

Introduction:-The COVID-19 has resulted in the closing of the educational institution overall which has resulted in many students being out of their classroom and daily routine, this has resulted in a dramatic change in the education system where e-learning is adapted for the

teaching process and it has given a boom to the educational digital platforms which is expected that could last for a longer. This change in the educational system and the effects are observed worldwide where the educational system has impacted so does the students are facing the similar challenges of coping with the e-learning process. The sudden shift of the classroom teaching with the adoption of the online teaching and learning process is suggested to be continued post-pandemic and the impact of this change in the education system has resulted on the students as well. Many online learning platforms have started functioning after the arrival of COVID-19 worldwide who are providing online tutoring and has resulted in two introductions of learning apps that are easily available. This has increased the participation of students' interest through online learning. In India, as the arrival of COVID-19, was seen, the educational institutions such as schools, colleges, and universities were closed on an immediate basis in order to control the spread of the disease, this resulted in the immediate cancellation of examinations and at some places, the examinations were halted.The learning online system is considered as one of the effective ways of learning but if rightly used and for those who have the access to technology for such students the online learning becomes effective many students show more interest in online learning than the traditional classrooms because the technology supports the option of re-reading, recording and learning the same things again which usually is not seen in the traditional classrooms but the online learning can vary amongst the age groups, it can be difficult for the younger ones to concentrate on online learning since they easily get distracted. The COVID-19 has impacted the education system in such a way that it has resulted in questioning the efficiency of the students who are learning through the online platform and how effective this learning can be for success in the future. Other than this the biggest is how many students can take the privilege of learning through the online platform since some can lack the basic requirement for Online learning. India has been a developing country has most of the rural areas where the lack of infrastructure is still observed hence technology cannot be provided in such areas for online education due to which many families and students had to bear the consequences where they could not avail the facility of learning online this has resulted in adverse effect in most of the poor families where the female child who is already considered as a burden in the Indian poor families had to compromise with their studies, many girls started working as domestic helpers, somewhere forced to get married since the burden of the female child would be reduced. Many such consequences are observed in poor Indian families where the female children are seen compromising with their studies. Either they are working on a part-time or full-time basis to support their families or had to give up on their education in order to provide the education two their siblings due to the lack of technology.

Review of Literature

Amrita Verma Pargaien, et al (2020) Paper highlights the effect on the education system due to the pandemic, another alternative that helps to aid the process of learning. Parameters are set on the basis of the age group and the various initiatives that are launched by the government for smooth functioning of online learning are proposed through the paper where the primary focus on education is soon during the peak period of a pandemic. The shift from classroom learning to online learning was the biggest step taken by educational institutions. The paper also highlights the psychological impact which individual has gone through on the basis of the category of age groups and the impact on the examination which was observed due to COVID-19 and how the situation is overcome is discussed in the paper by highlighting the issues of cyber security and the privacy and the impact on environment and market is attributed in the paper.

Mukesh Rawal (2021) COVID-19 has impacted the education system not only in India but throughout other countries. The teachers have also been affected and the students are facing the same consequences. The Indian education system after the arrival of COVID-19 is highlighted in the paper and how the students are learning through the online classes at their home is discussed in the paper. There were no immediate solutions found after the closing of the educational institution. Later there was a shift observed in online education where the education system focused on the student's perspective and continued with the online learning. The impact on teachers was that they were not well aware of the technical Support. Many times, teachers faced technical issues but even after various difficulties, there were some positive impacts on the education system as well as a few negative impacts. Certain recommendations are suggested through the paper and various measures are to be provided to continue with the teaching-learning process successfully.

Priyanka Pandita Kaul, et al (2020) the spread of COVID-19 was very quick and fast which resulted in teaching from the traditional classroom two online teachings or learning. due to this pandemic, the exams were impacted hence the education sector was massively affected students had to remain in their homes for a longer period of time and they had the facility of online learning provided by the universities hence this paper identifies the challenges and the measures to deal with the COVID-19 without any adverse effect on the learning. The government of India has Played an efficient role to provide e-learning for the students so that they do not face any consequences of the pandemic. The learning style has changed for the students which are considered as one of the challenges and the teachers who were not technically all there are given the training facilities to overcome the challenges. The paper identifies the opportunities given in the education system and the impact that the teachers and students are dealing with due to COVID-19 in India is mainly focused on, and the positive effect and the negative effect of COVID- 19 are shown through the paper.

Objectives

The overall objective of this study is to analyse the Effects of COVID-19 on Degree college female students:

1. To analyse the effects of COVID-19 on female students of Degree college students.
2. To examine the effectiveness of online learning due to COVID-19.
3. To study the negative effects faced by female degree college students due to the pandemic.

Methodology:-The data and information presented in the study are collected from the primary investigation from undergraduate and postgraduate female degree college students in Mumbai. Articles and reports related to the impact of COVID-19 on education are also referred to for the study purpose.

Purpose of the study:-The main purpose of the study is to analyse the effects of COVID-19 on female students. It covers the effects of COVID-19 on degree college students in Mumbai. The study will focus on the positive and negative effects on female students due to the pandemic and will highlight the mode of learning and their preferences.

Results and Discussion (Effects of COVID-19 based on the Investigation):-COVID-19 arrived in India at the end of January 2020 which led the government to come into action and the lockdown was imposed throughout the country leading to shut down of schools, colleges, and Universities. The educational sector was the first to impose the closure to curb the spread of the diseases that impacted in various ways the life of the students, not only in terms of their education but also psychologically they were affected. The investigation was done on the age group above 18 years which included undergraduate and postgraduate students of Degree

College from Mumbai. The study is examined on the basis of responses collected by 156 female respondents of Degree College. Around 28.2% of female respondents were belonging to postgraduate courses and 71.8% of female respondents were undergraduates belonging to Arts, Commerce, and Science. The mode of transportation for this female distance was railways, roadways that consisted of 20.5% female students who went to the college walking, 37.8% students went college either by bus, auto-rickshaw or by bikes and Scooter. This was possible only for the students residing nearby the colleges and around 41.7% of students travelled by train to reach their colleges during this pandemic it would have been the biggest question that traveling at a distance would have been safer for such students who do not reside nearby the colleges hence shutting down off the educational institution was a wise decision and supported by 67.3% of female respondents after the arrival of COVID-19. The arrival of COVID-19 was such that the learning mode got shifted from traditional classrooms to online teaching where around 94.2% female respondents were Attending the online class through mobile phones and 5.8% female respondents were attending the class on the desktop, Mumbai Is the capital of Maharashtra which is said to be one of the developed cities hence development and technology both are observed in the city. But even after attending the online classes, 84% of respondents believed that their studies were affected due to the arrival of the pandemic, and 16 % of students' studies were not affected. This was due to the sudden change in the learning pattern of the students.



Figure 1.1: Showing the percentage if the syllabus was imparted accurately through online classes.

Figure 1.1 shows that 47% of female students responded that the syllabus was imparted accurately online, 29.5% of students cannot decide if the lecture was delivered with proper guidance or not, and 23.1% of students responded that the syllabus was not imparted with proper guidance.



Figure 1.2: Showing the percentage of female respondents satisfied with online teaching.

Figure 1.2: This shows that 53.8% are fairly satisfied with online learning, 28.8% of respondents are not satisfied at all due to various issues, and 17.3% of female respondents are satisfied with online learning which is the least of all the responses.

Looking at the situation around 35.3% of students preferred attending the offline lectures by going to colleges and 64.7 percent students preferred staying at home and attending their online classes but this resulted in a situation where 84% of students consider that offline teaching is more effective than online teaching and 16% respondents believe online teaching is more effective as compared to the traditional learning. 51.9% of students responded that they did not get any concession or instalment facility for paying their fees during the pandemic which is one of the negative effects during the pandemic due to financial crisis since there was a high rate of unemployment seen during this, and 48.1% Respondents were given the concession for their college fees.



Figure 1.3: Showing the percentage of female students' difficulty in paying fees during the pandemic.

Figure 1.3 shows that female students faced several difficulties during the pandemic around 60.3% of students faced difficulty for paying their fees 24.4% of respondents did not face any difficulty for paying the fees and 15.4% of students could not make out if there was any difficulty for paying the fees during the pandemic since the fees were paid by their parents.



Figure 1.4: Showing the percentage of effects on female students of Degree college due to COVID-19.

Figure 1.4 shows 39.1% of female students did not face any problems during the pandemic whereas 26.3% of students were psychologically affected looking at the situation two of the world, many female students took up jobs in order to support their families 23.1% of students took a part-time job and 10.9 %students word doing full-time jobs. Around 3.8% of students gave up their education in order to provide education to their siblings and 12.2% of students discontinued their studies due to personal reasons whereas 3.2% of female students ended up getting married.

